sns academy

a fingerprint school

Sincerity, Nobility and Service

4th MONTHLY TEST-DECEMBER – 2019-20

HINDI (2nd Lang)

GRADE: VIII **MARKS: 40**

DATE: 04.12.2019 **TIME: 1½ Hrs**

(खंड-क)

I. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गये प्रश्नों का उत्तर दीजिए।

एक दिन लव सबेरे-सबेरे फुलवारी में जाकर फूल जमा कर रहा था, तब अश्वमेध यज्ञ का घोड़ा उस फुलवारी में घुसा और घास चरने लगा। फुलवारी में दूसरे लड़के भी थे। वे लड़के घोड़े की सुन्दरता देखकर बहुत खुश हुए । लव उस घोड़े के पास गया। उसे मालूम हुआ कि यह श्रीरामचन्द्र के अश्वमेध यज्ञ का घोड़ा है। आश्रम के दूसरे लड़के उस घोड़े का नाम लेने तक डरते थे। लेकिन लव ने उस घोड़े को पकड़कर रस्सी से बांध दिया। कुछ सिपाही घोड़े को ढूँढ़ते हुए आश्रम में आए। उन्होंने लव से घोड़े को छोड़ने के लिए कहा। लव ने लड़े बिना घोड़े को छोड़ने तैयार नहीं था। सिपाही और लव के बीच में घमासान लड़ाई हुई। इस लड़ाई में लव ने तीर चलाकर कई सिपाहियों को ज़मीन पर गिरा दिया।

क) लव सबेरे-सबेरे क्या कर रहा था ? 2

ख) घोड़ा किसका था ? 2

ग) लव ने उस घोड़े को किससे बांध दिया। ? 2

घ) किनके बीच में घमासान लड़ाई हुई। 2

ड़) उचित शीर्षक लिखिए । 1

(खंड-ख)

II. क) वर्ण-विच्छेद कीजिए- 2

1. आन्दोलन 2. मनुष्य

ख) अंग्रेजी में अर्थ लिखिए। 3

1. संरक्षण   2. उदासिन   3. आमंत्रित
4. उपलब्ध   5. प्रेषित   6. महत्वपूर्ण

ग) उपसर्ग और मूल शब्द अलग कीजिए। 2

क) स्वरूप   ख) उपलब्ध

घ) प्रत्यय और मूल शब्द अलग कीजिए। 2

क) आत्मकथा   ख) सीताफल

III. क) नीचे दिए गये वाक्यों में आये कर्म और क्रिया को अलग-अलग करके लिखिए । 4

1. श्याम सेब खरीद रहा है ।
2. मदारी ने बंदर का नाच दिखाया ।
3. शीतल अच्छी कविताएँ लिखती है ।
4. राजा ने सुन्दर चित्र बनाया ।

ख) दिए गये वाक्यों को पढ़िए और यह किस प्रकार की क्रिया है लिखिए । 2

1. राधा दौड़ रही है।
2. मोहन चित्र बनायेगा ।
3. वह दिल्ली गया है।
4. राम ने एक गाना गाया।

IV. दिए गये वाक्यों में काल पहचान करके उनके नाम लिखिए। 2

1. प्रधान मंत्री ने लाल किले पर झंडा फ़हराया ।
2. राजू कोलकत्ता जायेगा ।
3. गाय को लक्ष्मी कहा जाता है ।
4. तुम कब आये थे ?

(खंड-ग)

V. निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

1. क्रिया किसे कहते हैं ? इसके कितने भेद हैं ? 2
2. काल किसे कहते हैं ? इसके कितने भेद हैं ? उदाहरण के साथ समझाइये। 3

VI. निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

1. पेड़ों से हमें कौन सी सबसे महत्वपूर्ण चीज मिलती है ? 2
2. 'चिपको आन्दोलन' क्यों शुरू किया गया था ? 2

(खंड- घ)

VII. किसी एक का अनुच्छेद लिखिए । 5

क) पोंगल **ख)** यदि मैं पक्षी होता